**आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर**
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706550

**क्रमांकःएफ 8(सेमिनार) अकादमिक अव./अकाद/आकाशि/2023–00709/पार्ट–02/**

प्राचार्य,
चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय,
श्रीगंगानगर।

विषयः–दिनांक 20 जनवरी 2025 को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में राजकीय महाविद्यालयों से भाग लेने वाले आचार्यो/सह/सहायक आचार्यो/व्याख्याताओं के अकादमिक अवकाश स्वीकृत करने के सम्बन्ध में।

संदर्भः– आपका पत्र क्रमांक 1039 दिनांक 21.12.2024 (प्रति संलग्न)।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है दिनांक 20 जनवरी 2025 को आयोजित **"विकसित भारत : विविध संदर्भ"** विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेने के इच्छुक संकाय सदस्य आपके आमंत्रण पत्र प्राप्त होने पर भाग ले सकते है।

उक्त संगोष्ठी में भाग लेने वाले राजकीय महाविद्यालयों के आचार्य/सह/सहायक आचार्यो/व्याख्याताओं के निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करने पर सम्बन्धित प्राचार्य द्वारा उन्हें नियमानुसार अकादमिक अवकाश स्वीकृत कर दिया जायेगा।

**यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।**

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

(प्रो. विजय सिंह जाट)
संयुक्त निदेशक, अकादमिक

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर
3. प्राचार्य, समस्त राजकीय महाविद्यालय, राजस्थान।
4. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर को अपलोड करने हेतु।
5. रक्षित पत्रावली।

(प्रो. विजय सिंह जाट)
संयुक्त निदेशक, अकादमिक

Signature valid
Digitally signed by Vijay Singh Jat
Designation : Joint Director
Date: 2025.01.02 20:35:54 IST
Reason: Approved

कार्यालय प्राचार्य, चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय,
श्रीगंगानगर (राज.)
**Ph. No. – 0154 – 2470293 Email :- principalbrgcollege@gmail.com**
स्था. **1958**

क्रमांकः 1039 दिनांक : 21.12.2024

श्रीमान आयुक्त,
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान
जयपुर।

विषयः— राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन की अनुमति तथा अकादमिक अवकाश स्वीकृति बाबत।

महोदय,

उपर्युक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि महाविद्यालय की साहित्यिक समिति के तत्वावधान में दिनांक 20.01.2025 को "**विकसित भारत : विविध संदर्भ**" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय में किया जाना प्रस्तावित है।

अतः आपसे निवेदन है कि इस संगोष्ठी के आयोजन की अनुमति तथा संगोष्ठी में भाग लेने वाले महाविद्यालय शिक्षा के शिक्षकों को अकादमिक अवकाश की स्वीकृति प्रदान कर अनुगृहीत करें।

सादर।

कमलजीत

प्राचार्य (कार्यवाहक)
चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय,
श्रीगंगानगर



Scanned with CamScanner

## संरक्षक

**प्रो. पूनम सेतिया**
प्राचार्य

## सह संरक्षक

**प्रो. कमलजीत कौर मान**
आईक्यूएसी समन्वयक

## परामर्श मंडल

| | | |
|---|---|---|
| प्रो. इंद्रा सहारण | प्रो. बबीता काजल | श्रीमती रेखा बेरवाल |
| प्रो. किरण दीप | प्रो. आशा अरोड़ा | प्रो. नवनीत वर्मा |
| | प्रो. मीनू तंवर | |

## आयोजक

| समन्वयक | संयोजक | आयोजन सचिव |
|---|---|---|
| प्रो. श्याम लाल | मनोज बजाज | डॉ सुरेंद्र शर्मा |
| डॉ आशाराम भार्गव | डॉ मधु वर्मा | डॉ अलका |

## आयोजन समिति

| | | |
|---|---|---|
| प्रो. ऋचा कुक्कड़ | प्रो. सुनील कुमार | सोहन लाल |
| श्रीमती शालिनी आल्हा | डॉ राकेश झांब | डॉ पूनम बजाज |
| डॉ विभा तिवारी | हितेश मिड्ढा | डॉ मोनिका कटारिया |
| डॉ रेखा भारद्वाज | गुरप्रीत सिंह | डॉ विवेक शर्मा |
| श्रीमती गरिमा यादव | जसवीर सिंह | जयकिशन |
| श्रीमती राजविंदर कौर | राजेश | वीरेन्द्र सिंह यादव |
| हेमंत | चंद्रप्रकाश | श्रीमती संतोष परिहार |
| योगेश शर्मा | | डॉ अल्पना व्यास |

# राष्ट्रीय संगोष्ठी

## विकसित भारत : विविध संदर्भ

**(ऑनलाइन-ऑफलाइन हाईब्रिड मोड)**

### पंजीकरण एवं शुल्क

1.सभी प्रतिभागियों को गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन करवाना अनिवार्य है। ऑनलाइन पंजीयन के दौरान पंजीयन शुल्क जमा होने का स्क्रीन शॉट/ रसीद अपलोड करना अनिवार्य है।
3.Online Registration Link- https://shorturl.at/2jjNF
4. पंजीयन शुल्क **शिक्षक हेतु 400 रुपए एवं शोधार्थी हेतु 300 रुपए** है।
5. शोध पत्र प्रकाशन हेतु संगोष्ठी शुल्क के अतिरिक्त 300 रुपए देय होंगे
6.पंजीयन शुल्क निम्न माध्यम से जमा करवाया जा सकता है

**Bank Account Details:**

Name of Bank- SBI
Beneficiary Name- PRINCIPAL GIRLS COLLEGE VIKASSAMITI
Branch: COLLECTRATE BRANCH SRI GANGANAGAR
A/ c No.- 51049145816
IFSC Code- SBIN0031565

SCAN & PAY
UPI ID: brgcollege@sbi

**Online Registration Link-**
https://shorturl.at/2jjNF

**Whatsapp Group Link**
https://chat.whatsapp.com/BPl8DVuwlbV85QE2czC7Mc

**शोध-पत्र भेजने हेतु Email:**
brgseminar02@gmail.com

### अन्य

- संभागियों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
- संभागियों को आवास व्यवस्था स्वयं के स्तर पर करनी होगी।

**चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय**
श्रीगंगानगर (राजस्थान)

# राष्ट्रीय संगोष्ठी

## विकसित भारत : विविध संदर्भ

**(ऑनलाइन-ऑफलाइन हाईब्रिड मोड)**




**दिनांक: 20 जनवरी, 2025, सोमवार**
**समय: प्रातः 9:00 बजे**
**स्थान: महाविद्यालय सभागार**

| संरक्षक | सह संरक्षक |
|---|---|
| **प्रो पूनम सेतिया** प्राचार्य | **प्रो कमलजीत कौर मान** आईक्यूएसी समन्वयक |

| | | |
|---|---|---|
| समन्वयक<br>प्रो श्याम लाल<br>9982250003 | संयोजक<br>मनोज बजाज<br>9602444442 | आयोजन सचिव<br>डॉ सुरेन्द्र शर्मा<br>8562816245 |
| सह समन्वयक<br>डॉ आशाराम भार्गव<br>9982068871 | सह संयोजक<br>डॉ मधु वर्मा<br>9785909862 | आयोजन सह सचिव<br>डॉ अलका<br>9461078771 |

## आयोजक

साहित्यिक समिति,
चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय, श्रीगंगानगर

## श्रीगंगानगर एवं महाविद्यालय परिचय

श्रीगंगानगर राजस्थान-हरियाणा-पंजाब की अंतरराज्यीय तथा भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित शहर है , इसकी स्थापना बीकानेर के महाराजा श्री गंगासिंह जी द्वारा की गई थी। इस शहर का नाम उन्हीं के नाम पर है। यह राजस्थान का ' अन्न का कटोरा' (Food Basket of Rajasthan) के नाम से विख्यात है। यह शहर प्रारंभ से ही ज्ञान का क्षेत्र रहा है।

चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय इस क्षेत्र के उच्च शिक्षण संस्थानों में अपनी महत्त्वपूर्ण उपस्थिति के साथ महिला उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेष भूमिका निभा रहा है। इस महाविद्यालय की स्थापना 1958 में की गई थी। भामाशाह चौ. बल्लूराम गोदारा जी द्वारा महाविद्यालय की स्थापना में सहयोग प्रदान किया गया। 1960 में स्नातक कला संकाय, 1964 में स्नातक विज्ञान संकाय और 1981 में वाणिज्य संकाय में कक्षाएँ प्रारंभ हुईं। 1989 में स्नातक गृह विज्ञान की नींव रखी गई। वर्तमान में इस महाविद्यालय में कला, वाणिज्य और विज्ञान तीनों संकायों में 15 विषयों में स्नातकोत्तर अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है।

## संगोष्ठी एक दृष्टि में

चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय श्रीगंगानगर में साहित्यिक समिति के तत्त्वावधान में दिनांक 20 जनवरी, 2025 को 'विकसित भारत: विविध संदर्भ' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।
विकसित भारत विविध संदर्भ विषयक संगोष्ठी का उद्देश्य भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की विविध संदर्भ में व्याख्या करना है। किसी भी देश का विकास साहित्यिक,सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक,वैज्ञानिक,शैक्षणिक आदि संदर्भ में देखा- परखा जाता है।
राष्ट्र के विकास के लिए इतिहास एवं वर्तमान का सामंजस्य होना चाहिए और भविष्य को लक्ष्य करके ही कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए। भारत निर्माण के इस लक्ष्य को प्राप्त करने में युवाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। युवा ही देश का भविष्य होता है। युवाओं को अपने इतिहास, संस्कृति, साहित्य आदि से परिचित होना चाहिए।यद्यपि भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए उस दिशा में प्रयास किया जा रहा है पर इस पर वैचारिक चर्चा भी आवश्यक है।
इस दृष्टि से साहित्य में राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक बोध, आर्थिक संदर्भ के अंतर्गत अर्थव्यवस्था,गरीबी उन्मूलन ,खाद्य सुरक्षा ,विश्व बाजार और विश्व व्यापार ,राजनीतिक संदर्भ के अंतर्गत विश्व राजनीति में भारत की भूमिका और भारतीय राजनीति विषय पर दृष्टिपात किया जा सकता है।वर्तमान समय में विकास का मुख्य आधार विज्ञान, वैज्ञानिक चेतना और शिक्षा है। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शैक्षणिक संदर्भ के अंतर्गत शिक्षण व्यवस्था ,शिक्षण पद्धति और वैज्ञानिक संदर्भ के अंतर्गत स्वास्थ्य ,चिकित्सा,साईबर सुरक्षा,तकनीकी, डिजिटलाईजेशन ,सूचना एवं प्रौद्योगिकी आदि के साथ ही विकसित भारत निर्माण की चुनौतियों पर भी विचार किया जाना समीचीन होगा।

# विषय :
# विकसित भारत : विविध संदर्भ

## उपविषय

1.विकसित भारत निर्माण की दिशा में साहित्य

2.साहित्य और राष्ट्रीय चेतना

3.भारतीय संस्कृति और विकसित भारत

4 सामाजिक व्यवस्था और विकसित भारत

5.विकसित भारत निर्माण और पारिवारिक व्यवस्था

6.सामाजिक सुरक्षा और विकसित भारत

7.वृद्ध समाज और विकसित भारत

8.स्त्री समाज और विकसित भारत

9.वंचित वर्ग और विकसित भारत

10 विकसित भारत निर्माण की दिशा में आर्थिक प्रयास

11.विश्व अर्थव्यवस्था और विकसित भारत

12.विश्व व्यापार और विकसित भारत

13.विश्व राजनीति और विकसित भारत

14 शिक्षण व्यवस्था और विकसित भारत

15.विकसित भारत और पर्यावरण संरक्षण

16 विकसित भारत और युवा

17.स्वास्थ्य, चिकित्सा और विकसित भारत

18.साईबर सुरक्षा और विकसित भारत

19 विकसित भारत और विज्ञान,तकनीकी,सूचना- प्रौद्योगिकी

20.विकसित भारत और डिजिटलाईजेशन

21.विकसित भारत निर्माण की चुनौतियां

22. विषय से संबंधित कोई अन्य उपविषय

## महत्त्वपूर्ण तिथियाँ

1.संगोष्ठी दिनांक 20 जनवरी 2025

2. शोध-पत्र भेजने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर, 2024

## शोध-पत्र प्रकाशन

*नियत तिथि तक भेजे गए स्तरीय शोधपत्र ही प्रकाशित किए जाएंगे।
*शोध पत्र संगोष्ठी के विषय/उपविषय से संबंधित और संदर्भ युक्त होना चाहिए।संदर्भ शोध-पत्र के अंत में दिए जाएं।
*शोधपत्र मौलिकता प्रमाण पत्र के साथ भेजें।
*शोध-पत्र प्रूफ रीडिंग के बाद ही भेजें ।
* शोध-पत्र के एक से अधिक लेखक होने पर सभी को संगोष्ठी में पंजीयन करवाना होगा
*शोध पत्र प्रकाशन हेतु संगोष्ठी शुल्क के अतिरिक्त 300 रुपए देय होंगे
*शोधपत्र MS Word file में हिंदी हेतु कृतिदेव -10 (फॉन्ट साईज- 14) या यूनिकोड (फॉन्ट साईज- 14) और अंग्रेजी हेतु Times New Roman (फॉन्ट साईज 12) में टंकित होना चाहिए।
*शोधपत्र हेतु शब्द सीमा 2500 शब्द।
* शोध-पत्र भेजने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024
*शोध-पत्र brgseminar02@gmail.com पर ई-मेल करें।